ONLINE CLASS No:24 ; 16- 12- 2021 UNIT: 4

पाठ का नाम : बसंत मेरे गाँव का

निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखे।

1) बसंत मेरे गाँव का नामक पाठ का लेखक कौन हैं ?

उत्तर :मुकेश नौटियाल ।

2) मकर संक्राति की विशेषता क्या है?

उत्तर : मकर संक्रांति के दिन सूर्य धनु राशि को छोडकर मकर राशि में प्रवेश करता है ।

3) पंचाचूली किस पर्वत का भाग है ?

उत्तर : पंचाचूली हिमालय पर्वत का एक भाग है ।

4) पंचाचूली किस राज्य में है?

उत्तर : उत्तराखंड राज्य में ।

5) मकर संक्रांति तक सूरज कहाँ पर है?

उत्तर : पंचाचूली के शिखरों पर ।

7) मकर संक्रांति के बाद सूरज किसकी ओर खिसकता है ?

उत्तर : चौखंभा पर्वत की ओर।

8) दादी क्या कहती ती ?

उत्तर : दादी कहती थी कि जेठ तक सूरज हर सुबह बालिश्त बार छलाँग मारता है।

9) मकर संक्रांति के समय सूरज किस भाग पर दीख पडता है?

उत्तर : पंचाचूली पर ।

10) चार महीने के बाद सूरज किस भाग पर दीख पडेगा ?

उत्तर : - चौखंभा पर ।

11) पंचाचूली से चौखंभा तक पहुँचने में सूरज को कितना समय लग जाता है?

उत्तर : चार महीना ।

12) पंचाचूली में कितनी चोटियाँ हैं ?

उत्तर : पाँच ।

13) पंचाचूली की चोटियों की विशेषता क्या है ?

उत्तर : पंचाचूली की चोटियाँ बर्फानी है ।

14) चौखंभे के कितने शिखर है ?

उत्तर : चार ।

15) नंदा पर्वत कहाँ स्थित है ?

उत्तर : पंचाचूली की पाँच बर्फानी चोटियों और चौखंभे के चार शिखरों के ऐन बीच में नंदा पर्वत स्थित है।

16) सूरज जब पंचाचूली से खिसककर नंदा पर्वत तक पहुँचता है तो उसके साथ ही प्रकृति में क्या परिवर्तन आते हैं ?

पहाडों में फ्योंली के पीले फूल खिलने लगते हैं वहां सीढीनुमा खेतों में गेहूँ के हरियाली के बीच सरसों की पीलाई पसर जाती हैं बसंत बौराने लगता है

17) बसंत के आगमन के साथ कौन सा त्योहार आता है ?

उत्तर : फूलदेई ।

18) फूलदेई त्योहार की विशेषता क्या है ?

उत्तर : बच्चे देर शाम तक फूल चुनते हैं। फूल चुनकर वे इन फूलों को रिंगाल से बनी खास तरह की टोकरियों में रखते है। फूल मुरझा न जाने के लिए टोकरियों को रात भर पानी से भरी गागरों के ऊपर रखते है ।

प्रातकाल होते ही बच्चे गाँव भर में घूमते हैं और पिछली शाम चुने गए फूलों से घरों की देहरियाँ अलंकृत करते हैं। तब घरवाले बच्चों को चावल, गुड़, दाल आदि देते हैं। दक्षिणा में मिली इन सामग्रियों को इक्कीस दिन तक इकट्ठा करते है। जो कुछ सामग्री दक्षिणा में मिल गई है इससे सामूहिक भोज बनाते हैं |

19) उत्तराखंड के हिमालई अंचल में वसंत का उत्सव कब समाप्त होता है?

उत्तर : फूलदेई की बिदाई के साथ ही बसंत का उत्सव खतम हो जाता है।

20) फूलदेई त्योहार के अंतिम दिन बच्चे क्या करते हैं ?

उत्तर : जो कुछ सामग्री दक्षिणा में मिली उन सामग्रियों से सामूहिक भोज बनाते हैं |

21) फूलदेई त्योहार बच्चों का है या बडों का हैं ?

उत्तर : बच्चों का |

22) दक्षिणा में मिली सामग्री को बच्चे कितने दिन तक इकट्ठा करते हैं ?

उत्तर : इक्कीस दिन |

23) फूलदेई त्योहार में बडो की भूमिका का क्या है ?

उत्तर : केवल सलाह देने का |

24) फूलदेई कहाँ का उत्सव है?

उत्तर : उत्तराखंड |

25) उत्तराखंड के हिमालयी अंचल में फूलदेई को बच्चों का सबसे बडा त्योहार मानते हैं | क्यों ?

उत्तर :यहां सारे काम बच्चें करते हैं । देर शाम तक फूल चुनकर बच्चें घर सजाते हैं। दक्षिणा में मिली सामग्रियाँ इक्कीस दिन तक इकट्ठा करते हैं। अंतिम दिन इन सामग्रियों से भोज बनाते हैं | इस आयोजन में बडों की भूमिका केवल सलाह देने तक सीमित हैं |इसलिए इसको बच्चों का त्योहार मानते हैं |

26) आशय समझकर सही या गलत चिह्न लगाए |

1) पंचाचूली और चौखंभे के बीच में नंदा पर्वत स्थित है | ☐

2) बसंत और फूलदेई के त्योहार के बीच में कोई संबंध नहीं | ☐

3) फूलदेई बडों का त्योहार हैं | ☐

4) फूलदेई के बिदाई के साथ बसंत का उत्सव समाप्त होता है | ☐

5) उत्तराखंड के हिमालयी अंचल में फूलदेई का त्योहार मनाया जाता है | ☐

उत्तर :

1) पंचाचूली और चौखंभे के बीच में नंदा पर्वत स्थित है | सही

2) बसंत और फूलदेई के त्योहार के बीच में कोई संबंध नहीं | गलत

3) फूलदेई बडों का त्योहार हैं | गलत

4) फूलदेई के बिदाई के साथ बसंत का उत्सव समाप्त होता है | सही

5) उत्तराखंड के हिमालयी अंचल में फूलदेई का त्योहार मनाया जाता है सही

27) अर्थ समझकर सही मिलान करें |

विदा होना	प्रातःकाल होना
पौ फटना	समेटना
इकट्ठा करना	रवाना होना
शुरू करना	दिखाई देना
नज़र आना	आरंभ होना
छलांग लगाना	कूदना

उत्तर

विदा होना	रवाना होना
पौ फटना	प्रातःकाल होना
इकट्ठा करना	समेटना
शुरू करना	आरंभ होना

नज़र आना	दिखाई देना
छलांग मारना	कूदना

नवीन शब्दार्थ

खिसकना - മെല്ലെ മെല്ലെ നീങ്ങുക

दादी - അച്ഛന്റെ അമ്മ

नानी - അമ്മയുടെ അമ്മ

जेठ - ജ്യേഷ്ഠമാസം (Third month according to the Indian calendar)

बालिश्त - ഒരുചാൺ നീളം

छलाँग मारना - ചാടുക, To jump

बालिश्त भर छलाँग मारना - ഏകദേശം ഒരുചാൺ നീളം ചാടുക

ऐन - കൃത്യമായ. Exact

खिलना - വിടരുക

ढलान - ചരിവ് , Slope

पहाडी ढलान - കുന്നിൽ ചരിവ്

गेहूँ - ഗോതമ്പ്

सरसों - കടുക്

पीलाई - മഞ്ഞപ്പ്

पसरना - പരക്കുക, വ്യാപിക്കുക

बौराना - उनम्त्त होना, ഉൻമത്തനാവുക

रिंगाल	-	ഈറ
टोकरी	-	കുട്ട
गागरा	-	കുടം
पौ फटना	-	प्रातःकाल होना
टोलियाँ	-	സമൂഹം
देहरी	-	വാതിൽപ്പടി
सजाना	-	അലങ്കരിക്കുക
चावल	-	അരി
गुड	-	ശർക്കര
दाल	-	പരിപ്പ്
इक्कीस	-	21(Twenty One)
इकट्ठा होना	-	समेटना, ശേഖരിക്കുക
विदा करना	-	യാത്രയയക്കുക
सलाह देना	-	उपदेश देना